web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 24 जुलाई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 296

गुजरात में भारी बारिश के चलते 302 सड़कें बंद, घरों में घुसा पानी; 700 से अधिक लोगों का रेस्क्यू

गांधीनगर (आरएनएस)। भारी बारिश के मद्देनजर गुजरात सरकार ने पोरबंदर और कच्छ से गुजरने वाले दो राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ-साथ 10 राज्य राजमार्गों को बंद कर दिया है। गुजरात के राहत आयुक्त आलोक पांडे ने लगभग 358 लोगों के सफल बचाव के साथ-साथ 736 लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाने की पुष्टि की।

271 पंचायत सड़कों सहित कुल 302 सड़कें बंद हैं। आज तक, 736 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। जूनागढ़ वलसाड, गिर-सोमनाथ, पोरबंदर और अन्य जिलों में बांध भरे हुए हैं। नर्मदा बांध वर्तमान में 67 प्रतिशत भर चुका है, अन्य बांध भी लबालब भर चुके हैं। लोगों के घरों में पानी पहुंच गया है।

भारी बारिश के मद्देनजर, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ)

और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की नौ टीमों को सबसे अधिक प्रभावित जिलों में भेजा गया है। जूनागढ़, विशेष रूप से, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की दो-दो टीमों की सहायता से लाभान्वित हो रहा है, जो बचाव और राहत कार्यों में लगे हुए हैं। मौसम विभाग ने गिर-सोमनाथ, जूनागढ़, कच्छ, पोरबंदर, वलसाड और दक्षिण गुजरात के नवसारी समेत जिलों में रविवार को भी भारी बारिश जारी रहने की चेतावनी दी है।

दिल्ली में यमुना फिर खतरे के निशान से ऊपर, अलर्ट पर गुजरात-महाराष्ट्र : गुजरात में राज्य सरकार ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश के कारण हुई तबाही के कारण पोरबंदर और कच्छ से गुजरने वाले दो राष्ट्रीय राजमार्गों और 10 राज्य राजमार्गों को बंद कर दिया।

गुजरात राहत आयुक्त आलोक पांडे ने एक बयान में कहा है कि अब तक, कुल 736 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया और लगभग 358 लोगों को बचाया गया है। कुल मिलाकर 302 सड़कें बंद हो गईं, जिनमें 271 पंचायत सड़कें शामिल हैं। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने शनिवार देर रात गांधीनगर में राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र में एक समीक्षा बैठक की, जहां उन्होंने व्यक्तिगत रूप से स्थिति की समीक्षा करने के लिए जूनागढ़ पहुंचने के प्रयासों के व्यर्थ साबित होने के बाद जिला प्रमुखों के साथ बातचीत की।

भारी बारिश से प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) और एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की कुल नौ टीमें तैनात की गई हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की दो-दो टीमें जूनागढ़ में बचाव और राहत अभियान चला रही हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, कल दोपहर तक गिर-सोमनाथ, जूनागढ़, कच्छ, पोरबंदर और दक्षिण गुजरात के वलसाड, नवसारी में भारी बारिश की संभावना है। आयुक्त ने लोगों से अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने और घर पर रहने का आग्रह किया है।

इसके अलावा राजस्थान, महाराष्ट्र का भी बूरा हाल है, जहां मूसलाधार बारिश ने आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। वहीं यमुना के बढ़ते जलस्तर ने एक बार फिर दिल्लीवालों की टेंशन बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने अहमदाबाद सहित सौराष्ट्र, दक्षिण और मध्य गुजरात में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। यहां कई इलाकों के लिए रेड तो कई में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। महाराष्ट्र के कई शहरों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं दिल्ली में यमुना नदी एक बार फिर खतरे के निशान को पार कर गई है। सुबह 7:00 बजे यमुना का जलस्तर 205.81 मीटर दर्ज हुआ। यमुना का जलस्तर आज शाम 206.7 मीटर तक पहुंचने का अनुमान है। हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से कल बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा गया, जिसके बाद आज यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में दो लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने के कारण बाढ़ के खतरे के मद्देनजर दिल्ली सरकार हाई अलर्ट पर है। मंत्री ने एक बयान में कहा, यदि नदी के जलस्तर में 206.7 मीटर तक की वृद्धि होती है, तो यमुना खादर (बाढ़ के मैदान) के कुछ हिस्से जलमग्न हो सकते हैं, लेकिन सरकार वहां से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिये तैयार है।

महत्वपूर्ण एवं खास

पत्नी का पढ़ना-लिखना नहीं था पसंद, गुस्साए पति ने परीक्षा केंद्र में घुसकर कर दिया कांड

शिवपुरी (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के पिछोर के छत्रसाल महाविद्यालय में परीक्षा दे रही एक पत्नी का पढ़ना और परीक्षा देना उसके पति को अच्छा नहीं लगा और उसने परीक्षा कक्ष के अंदर घुसकर अपनी पत्नी की उत्तर पुस्तिका परीक्षा देते समय फाड़ कर फेंक दी। इस घटनाक्रम को देखकर परीक्षा कक्ष में उपस्थित परीक्षार्थी और ड्यूटी पर उपस्थित स्टाफ स्तब्ध रह गया तथा तत्काल पति को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस सूत्रों ने महाविद्यालय से प्राप्त जानकारी में बताया कि बीए अंतिम वर्ष की परीक्षा का समाजशास्त्र का पर्चा था। परीक्षा पिछोर के छत्रसाल महाविद्यालय में चल रही थी, जिसमें आरती लोधी भी परीक्षा दे रही थी। तभी अचानक उसका पति मनमोहन लोधी परीक्षा कक्ष के अंदर घुस गया और अपनी पत्नी की उत्तर पुस्तिका फाड़ दी। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने मनमोहन को पकड़ा था, लेकिन कोई शिकायत नहीं आने पर बाद में उसे छोड़ दिया गया। बताया जाता है कि महिला का पति अपनी पत्नी को पढ़ाने के लिए तैयार नहीं था। आरती अपने मायके में कुछ समय से रह कर परीक्षा की तैयारी कर रही थी और वह आगे बढ़ना चाहती थी।

अनियंत्रित होकर यात्री बस तालाब में गिरी, 17 लोगों की मौत, 45 से अधिक घायल

ढाका। बांग्लादेश के झालोकाटी जिले में एक यात्री बस के सड़क से फिसलकर तालाब में गिरने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिले के पुलिस प्रमुख मुहम्मद अफजलुल हक तुलुल ने बताया कि यात्री बस राजधानी ढाका से लगभग 200 किमी दक्षिण में सड़क किनारे जलाशय में गिर गई, जिससे 13 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि घायलों को स्थानीय अस्पतालों और क्लीनिकों में ले जाया गया, जहां चार और लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कुछ घायल यात्रियों की हालत गंभीर स्थिति में बचा लिया गया है। अधिकारी के अनुसार, दुर्घटना तब हुई जब चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क किनारे जलाशय में गिर गया।

पत्नी की धारदार हथियार से हत्या करने के बाद पति ने भी दे दी जान

मुरैना (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के अम्बाह कस्बे में एक युवक ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी और बाद में स्वयं को चाकू मारकर कर आत्महत्या का प्रयास किया। घायल युवक को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिये ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अम्बाह के मिश्र कालोनी में किराए के मकान में रहने वाला राजेश कडेरा अपनी पत्नी सुनीता के मोबाइल फोन पर दूसरों से बात करने से नाराज था। इसलिये कल उसने पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पत्नी की हत्या करने के बाद राजेश ने खुद को चाकू मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर रूप से घायल युवक को मुरैना के जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल के लिए रैफर कर दिया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर हत्या की वस्तुस्थिति के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

बिजली गिरने से दो की मौत, छह घायल

छतरपुर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के बक्सवाहा तहसील अंतर्गत ग्राम पाली में बिजली गिरने से दो लोगों की मृत्यु हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें चार को इलाज के लिए दमोह के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छतरपुर जिले के बक्सवाहा तहसील अंतर्गत ग्राम पाली में वन विभाग द्वारा प्लांटेशन का कार्य कराया जा रहा है। इस प्लांटेशन के कार्य में वन विभाग के कर्मचारी एवं मजदूर वहीं पर उपस्थित थे। तभी कल शाम अचानक तेज बारिश के साथ बिजली की गड़गड़ाहट होने पर मजदूर और कर्मचारी वहीं पर खड़ी एक ट्राली के नीचे घुस गए। इसी बीच अचानक ट्राली के ऊपर ही बिजली गिरने से वहां पर मौजूद मजदूर एवं कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल ही दमोह के जिला अस्पताल लाया गया।

23 साल 139 दिन : नवीन पटनायक बने देश में सबसे लंबे समय तक रहने वाले दूसरे नंबर के सीएम

नई दिल्ली (आरएनएस)। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले नेता बन गए हैं। वह ओडिशा के पांच बार मुख्यमंत्री रहे। नवीन पटनायक ने 5 मार्च 2000 को मुख्यमंत्री पद कार्यभार संभाला था और 23 साल और 139 दिनों तक इस पद पर रहे। अब उनसे आगे सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग हैं जो 24 साल से अधिक तक सीएम पद पर रहे।

नवीन पटनायक ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु का रेकॉर्ड तोड़ा है। बसु ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में 21 जून 1977 से पांच नवंबर 2000 तक अपनी सेवाएं दी थीं और उनका कार्यकाल 23 वर्ष और 137 दिन का था। किसी राज्य के लगातार पांच बार मुख्यमंत्री बनने वाले नेताओं में चामलिंग और बसु के बाद पटनायक तीसरे नेता हैं। अगर सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बचजद) 2024 का विधानसभा चुनाव जीतती है, तो पटनायक भारत में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री के पद पर रहने वाले शख्स होंगे।

नवीन पटनायक 76 साल के हैं। 1997 में नवीन के पिता व पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक की मृत्यु के बाद उनके विरोधियों ने उन्हें नौसिखिया कहकर खारिज कर दिया था। मगर आज उन्होंने इन सभी को प्रशंसा के साथ शांत बैठने के लिए मजबूर कर दिया है। वह लगातार अपने विरोधियों को ध्वस्त करते जा रहे हैं।

मेक्सिको में आगजनी में 11 लोगों की मौत, 4 घायल

मैक्सिको सिटी। मेक्सिको के उत्तरी राज्य सोनोरा के सीमावर्ती शहर सैन लुइस रियो कोलोराडो में एक बार में आगजनी के बाद कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोनोरा अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने एक बयान में बताया कि यह घटना बीती सुबह उस समय हुई जब कथित तौर पर नशे में धुत एक अज्ञात व्यक्ति ने कर्मचारियों द्वारा बाहर निकाले जाने के बाद कैंटीना के दरवाजे पर एक जलती हुई वस्तु फेंक दी। बयान में कहा गया, कई गवाहों के अनुसार युवक बार में महिलाओं का छेड़छाड़ कर रहा था, इसलिए उसे वहां से भगा दिया गया और फिर वापस आकर उसने इमारत के दरवाजे पर जाहिर तौर पर किसी प्रकार का 'मोलोटोव' बम फेंक दिया, जिससे यह घटना हुई।

आतंकी हमले और पीएमके नेता की हत्या के मामले में एनआईए सख्त, देशभर में 25 जगहों पर की छापामारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) रविवार को तमिलनाडु में 24 जगहों पर छापेमारी और तलाशी ले रही है। एनआईए के सूत्रों ने बताया कि छापेमारी 2019 में पीएमके नेता के. रामलिंगम की हत्या से संबंधित है। तिरुनेलवेली जिले में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) नेता मुबारक के आवास पर भी छापेमारी की जा रही है।

गौरतलब है कि प्रमुख जांच एजेंसी ने इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध के बाद तमिलनाडु में कई छापे मारे हैं। राज्य और केंद्रीय एजेंसियों ने राज्य में कई सामाजिक संगठनों के बैनर तले प्रतिबंधित पीएफआई के फिर से संगठित होने के खिलाफ अलर्ट दिया है। पिछले साल दिवाली की पूर्व संध्या पर हुए कार बम विस्फोट में 29 वर्षीय एक युवक की जलकर मौत हो गई थी, इसके बाद केंद्रीय एजेंसियों ने राज्य में इस्लामी ताकतों के खिलाफ अपनी कार्रवाई बढ़ा दी है।

वहीं, दूसरी ओर एनआईए ने हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) आतंकी साजिश मामले में फरार चल रहे एक आरोपी के आवासीय परिसर पर भी छापा मारा है। यह छापेमारी जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के रहने वाले रियाज अहमद उर्फ हजारी के घर पर की गई। एनआईए ने हजारी का सुराग देने पर तीन लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है। उनके घर पर की गई तलाशी में एक मोबाइल फोन जब्त किया गया, जिसका विश्लेषण किया जा रहा है।

मणिपुर में दो समूहों के बीच भारी गोलीबारी, स्कूल-घर जलाए

- मिजोरम से पलायन कर रहे मैतेई

इंफाल (आरएनएस)। मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। हाल ही में वहां महिलाओं को निर्वस्त्र कर सड़कों पर दौड़ाने का मामला सामने आया था तो अब चुराचांदपुर में दो गुटों के बीच तनाव की घटना सामने आई है। बीती देर शाम दो समूहों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। महिलाओं ने सड़कों को अवरुद्ध कर दिया और टायर जलाए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कुकी समुदाय के सौ से अधिक लोगों ने बिष्णुपुर जिले की टोंबुंग ग्राम पंचायत में मैतेई समुदाय के कुछ घर और एक स्कूल जला दिया। सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर हालात पर नियंत्रण किया। कुंबी से भाजपा विधायक सनासम प्रेमचंद्र सिंह ने बताया, ये सभी चुराचांदपुर जिले से आए थे और अचानक हमला बोल दिया।

मणिपुर में 80 से अधिक दिनों से जातीय हिंसा जारी है, जिसमें 150 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हाल ही में कुकी समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाने का वीडियो सामने आया था। जिसने पूरे देश को दहला दिया है। महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और सामूहिक दुष्कर्म के मामले पुलिस ने शनिवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें एक की उम्र 19 साल और दूसरा जुवेनाइल है। अब तक इस मामले में कुछ छह गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इससे पहले पुलिस ने 20 जुलाई को चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

एक अलग घटना में आदिवासी महिला ने सैकुल थाने में मामला दर्ज कराया है कि चार लोगों ने उसकी 21 वर्षीय बेटी और 24 साल की सहेली के साथ भी भीड़ ने घर में घुसकर सामूहिक दुष्कर्म किया और निर्मम हत्या कर दी।

मणिपुर में तीन मई को हिंसा की शुरुआत चुराचांदपुर जिले से हुई थी, जो राज्य की राजधानी इंफाल के दक्षिण में करीब 63 किलोमीटर की दूरी पर है। इस जिले में कुकी आदिवासी ज्यादा हैं। गवर्नमेंट लैंड सर्वे के विरोध में 28 अप्रैल को द इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने चुराचांदपुर में आठ घंटे बंद का एलान किया था। देखते ही देखते इस बंद ने हिंसक रूप ले लिया। उसी रात तुइबोंग एरिया में उपद्रवियों ने वन विभाग के ऑफिस को आग के हवाले कर दिया। 27-28 अप्रैल की हिंसा में मुख्य तौर पर पुलिस और कुकी आदिवासी आमने-सामने थे।

वहीं, मिजोरम सरकार ने शनिवार को राज्य में रहने वाले मैतेई समुदाय के लोगों को सुरक्षा का आश्वासन दिया और उनसे अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा। मैतेई लोगों के राज्य से पलायन करने की खबरों के बीच सरकार ने यह आश्वासन दिया। दरअसल, एक संगठन ने मणिपुर में दो महिलाओं को भीड़ द्वारा निर्वस्त्र कर घुमाए जाने का वीडियो सामने आने के बाद मैतेई लोगों को राज्य छोड़ने के लिए कहा था। एक बयान में कहा गया कि इसके बाद राज्य के गृह आयुक्त और सचिव एच. लालेंगमाविया ने मैतेई समुदाय के नेताओं के साथ बैठक की और उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया।

150 फुट गहरे बोरवेल से जिंदा लौटा शिवम

- 8 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाला गया मासूम

पटना (आरएनएस)। बिहार के नालंदा जिले में करीब 150 फीट गहरे बोरवेल में फंसे मासूम को 8 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। मासूम को तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नालंदा के कुल गांव में जिला प्रशासन की देख-रेख में यह रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। एनडीआरएफ की टीम ने बच्चे को सुरक्षित निकाला।

बच्चे को सुरक्षित निकाले जाने के बाद नालंदा के एनडीआरएफ अधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि बच्चा ठीक है और उसे बचा लिया गया है। उसे अभी अस्पताल भेजा गया है। हमें उसे बचाने में करीब 5 घंटे लग गए। जानकारी के मुताबिक मासूम की उम्र 4 साल है। बच्चे का नाम शिवम बताया जा रहा है। बच्चे की मां का कहना है कि उसका बच्चा गांव के ही अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था और वह पास ही खेत में काम कर रही थी। इसी बीच उसे पता चला कि वह खेलते-खेलते ही बोरवेल में गिर गया।

बच्चे के बोरवेल में गिरने की जैसे ही सूचना मिली पूरे गांव में अफरातफरी मच गई। स्थानीय प्रशासन सतर्क हो गया। पुलिस बल फौरन मौके पर पहुंच गया। जेसीबी मशीन मंगवाई गई थी।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से राजनीति में आने का किया आव्हान और कहा कि आपके आने से ही प्रदेश आगे बढ़ेगा

- मुख्यमंत्री धमतरी के युवा सोमेश्वर का जोशीला भाषण सुनकर हुए गदगद, गले लगाकर दिया आशीर्वाद और बजवायीं तालियाँ
- युवाओं से भेंट-मुलाकात में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की कई अहम घोषणाएं
- दन्त चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्र में 2 साल देंगे अपनी सेवाएं
- स्वास्थ्य केंद्रों में फीजियोथेरेपिस्ट और छत्तीसगढ़ी भाषा में अध्यापकों की होगी नियुक्ति
- धमतरी कन्या महाविद्यालय में पीजी कोर्स होगा प्रारंभ
- मुख्यमंत्री ने राजधानी के इंडोर स्टेडियम में रायपुर संभाग के युवाओं से की भेंट-मुलाकात

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा स्थित इन्डोर स्टेडियम में युवाओं के साथ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में धमतरी से आये युवा सोमेश्वर गंजीर ने कबीर के श्लोकों के साथ सपनों का छत्तीसगढ़ विषय पर जोशीले तरीके से अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जोशीले भाषण से इतना खुश हुए कि सोमेश्वर को अपने पास बुलाकर गले लगा लिया और सिर पर रखकर आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने सोमेश्वर के लिए युवाओं से खचा-खच भरे स्टेडियम में तालियाँ बजवायीं।

मुख्यमंत्री से इंजीनियरिंग की छात्रा शगुन श्रीवास्तव ने पूछा कि आपकी सरकार युवाओं को राजनीति में लाने के लिए क्या प्रयास कर रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को जितने ज्यादा युवा राजनीति में आएंगे उतना ही अधिक लोगों को पढ़े-लिखे युवाओं का नेतृत्व मिलेगा और हमारा प्रदेश आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने युवाओं को राजनीति में आने का आह्वान किया। धमतरी के भुजेश कुमार ने मुख्यमंत्री से उनके पढ़ाई के दौरान आई समस्या के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री ने विस्तार से बताया की बचपन में गांव में सड़कें, बिजली, नाली की समस्या को देखता था। मुझे लगता था कि विधायक ही इस समस्या का समाधान करता है। मेरे मन में भी आया कि मैं भी एक दिन विधायक बनूंगा। मैंने शुरुआत की और निरंतर संघर्ष के बाद आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं। मै पूरी कोशिश करता हूं कि लोगों को किसी प्रकार की समस्या ना हो।

रायपुर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से आये बड़ी संख्या में युवाओं से मुख्यमंत्री सीधे रूबरू हुए। इस दौरान युवाओं ने मुख्यमंत्री समक्ष अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने न केवल उनके बाते सुनी बल्कि मौके पर ही युवाओं की मांग पर कई अहम घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने युवाओं की मांग पर दन्त चिकित्सकों को 2 साल ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ करने, शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी में पीजी कोर्स प्रारंभ करने, स्वास्थ्य केंद्रों में फिजियोथेरेपिस्ट की नियुक्ति, फीजियोथेरेपी कॉलेज में छात्रावास की व्यवस्था सहित छत्तीसगढ़ी भाषा में अध्यापक भर्ती करने की घोषणा की। भेंट-मुलाकात युवाओं के साथ कार्यक्रम की शुरुआत राजगीत अरपा पैरी के धार से हुई।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष युवाओं ने मेरे सपनों का छत्तीसगढ़ पर अपने विचार, कविता और भाषण की प्रस्तुत किए। उसके पश्चात मुख्यमंत्री ने युवाओं से बातचीत की। पीएससी की तैयारी कर रहे छात्र प्रणव कुमार ने प्रारंभिक परीक्षा की मार्कशीट जारी करने तथा पारदर्शिता के लिए उचित उपाय करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने इस पर अमल करने का आश्वासन दिया। धमेश नायक ने कहा कि हमने टैटू आर्ट का कोर्स किया है। उन्होंने महादेवघाट को कला केंद्र के रूप में घोषित करने की मांग की जिससे टैटू कलाकारों को प्रोत्साहन मिले। मुख्यमंत्री ने इस सुझाव पर विचार कर कार्यवाही करने की बात कही। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के छात्र भोजराज धनगर ने स्कूल स्तर पर प्रशिक्षित कला के शिक्षक नियुक्त करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा अभी संगीत विश्वविद्यालय से संबंद्ध महाविद्यालय खोले जा रहे हैं, उसके बाद निश्चित रूप से स्कूली स्तर पर भी से लागू किया जाएगा। कसडोल के देवेंद्र सतनामी ने कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, कॉलेज आने-जाने के लिए बसों में फ्री टिकट की मांग की। मुख्यमंत्री ने इस सुझाव पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।